पंजाब केसरी 01/05/2025

# 'डाकघर योजनाओं के साथ वित्तीय योजना' विषय पर हुआ ज्ञानवर्धक एक्सटैंशन लैक्चर

अम्बाला, 30 अप्रैल (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में बुधवार को 'डाकघर योजनाओं के साथ वित्तीय योजना' विषय पर एक ज्ञानवर्धक एक्सटैंशन लैक्चर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार पोस्ट मास्टर, जनरल पोस्ट ऑफिस उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में डा. एस.एस. नैन एवं डा. पिंकी गुप्ता द्वारा अतिथियों का स्वागत करके किया गया। मुख्य वक्ताओं में डिप्टी पोस्ट मास्टर कर्मो सैनी ने बचत के महत्व और विवेकपूर्ण वित्तीय निर्णयों पर प्रकाश डाला। इसके बाद टिंकी, पोस्टल असिस्टैंट ने पोस्टल लाइफ इंश्योरैंस की योजनाओं की जानकारी सांझा की और इसे दीर्घकालिक वित्तीय योजना के लिए उपयोगी बताया।

अपने संबोधन में राजकुमार ने सभी को बचत की आदत अपनाने का संदेश दिया, जिसे उन्होंने सुरक्षित भविष्य की कुंजी बताया। डा. पिंकी गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम कॉलेज के विजन के अनुरूप रहा, जिसका उद्देश्य मूल्य आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए समयानुसार स्वयं को विकसित करना है, ताकि एक समृद्ध और विकासोन्मुख समाज की रचना हो सके। सहायक प्रोफैसर जस्मिता हांडा ने मंच संचालन को प्रभावी रूप से संभाला, जबकि गुंजीत सिंह ने तकनीकी सहयोग प्रदान कर सत्र को सुचारू रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डा. सुमन एवं रीतिका भी उपस्थित रहीं।



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'डाकघर योजनाओं के साथ वित्तीय योजना' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते वक्ता।